वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 17 जून, 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

जांबाज भारतीय वीर सैनिकों की वीरगति पर विनम्र श्रद्धांजलि

विस्तारवादी चीन को कड़ा जवाब देने में सर्वदा समर्थ है भारत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत-चीन सीमा पर विस्तारवादी चीन के भारतीय भूभाग को कब्जाने के चीनी सैनिकों के घृणित प्रयासों को रोकने तथा चीनियों का कठोर प्रतिकार करते हुए मातृभूमि की रक्षा में वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "21 वीं सदी का भारत चीन की विस्तारवादी नीति को रोकने में सक्षम है। हमारी पुण्य मातृभूमि पर चीन की किसी भी कायरना हरकत का कड़ा जवाब मिलेगा, अवैध चीनी विस्तारवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में प्रत्येक भारतीय नागरिक भारत सरकार तथा भारतीय सेना की पीछे मजबूती से खड़ा है। विश्व को चीन से उत्पन्न हुए कोविड-19 के कारण अभूतपूर्व मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और वैश्विक महामारी की इन परिस्थितियों में भी चीन अपने अनैतिक स्वभाव का प्रदर्शन करने में नहीं चूक रहा है, यह चीन के वास्तविक घृणास्पद चेहरे को उजागर करता है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)